पेज थ्री
देहरादून

पर्वतारोहण अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

देहरादून, शनिवार 23 नवंबर, 2019

पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

**'वन संवर्धन और वानिकी' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

(संवाददाता) देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में वन संवर्धन एवं प्रबंधन प्रभाग द्वारा टेरीटोरियल सेना की इको बटालियन के कार्मिकों के लिए 'वन संवर्धन और वानिकी' पर दिनांक 18 से 22 नवम्बर तक एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान, श्री अरुण सिंह रावत, निदेशक, व.अ.सं. ने कहा कि टेरीटोरियल सेना की इको बटालियनें निम्नीकृत और दुस्साध्य स्थलों के वनीकरण और गंगा नदी की सफाई और उसके पुनुरुद्धार के लिए कई सराहनीय कार्य कर रहे हैं और यह प्रशिक्षण वन संवर्धन के विभिन्न पहलुओं जैसे बीज संग्रह, गुणवत्ता मूल्यांकन, नर्सरी की स्थापना और रोपणि पौधों की स्थापना और बीमारीध्कीट प्रबंधन, फाइटोरेमेडिएशन आदि विषयों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण द्वारा उनका ज्ञान वर्धन करेगा।

**शातिर टायर चोर गिरफ्तार**

(संवाददाता) देहरादून। थाना डालनवाला पुलिस ने एक शातिर टायर चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी के टायर बरामद हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। थाना डालनवाला में लिखत तहरीर दी कि अज्ञात चोर द्वारा उनके घर के बाहर खड़ी उनकी कार के दो टायर चोरी कर लिए है। वादी की तहरीर पर थाना डालनवाला पर मुकदमा पंजीकृत कर उच्चाधिकारियों के आदेशनुसार प्रभारी निरीक्षक डालनवाला द्वारा थाना डालनवाला पर अलग–अलग टीमों का गठन किया गया। टीमों के द्वारा मुखबिर मामूर करते हुए घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कल रात्रि एक आरोपी को कार से उक्त टायर बेचने जाते समय मोहनी रोड से चोरी के टायर सहित गिरफ्तार किया गया।

**प्रभारी निरीक्षक सहित पांच पुलिस कर्मियों का तबादला**

(संवाददाता) देहरादून। सख्ती के बावजूद भी राजधानी से सटे क्षेत्रों में अवैध खनन जोरों पर चल रहा है। जिसके खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने भी सभी थानाध्यक्षों को अवैध खनन वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। वहीं रायपुर के माल देवता चौकी के अन्तर्गत अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही नहीं करने पर एसएसपी अरुण मोहन जोशी ने 6 पुलिस कर्मियों को तत्काल थाना रायपुर से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया है। जिसमें प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह चौहान, का0 सुरेन्द्र खंतवाल, का0 नरेश लेखपाल, का0 राकेश डिमरी, का0 मनमोहन सिंह असवाल, महिला नमिता रावत को रायपुर थाने से पुलिस लाईन में तबादला किया है।

# मुख्यमंत्री ने हॉट एयर बलून शॉ का किया शुभारम्भ

महोत्सव

■ उत्तराखण्ड में एडवेंचर स्पोर्ट्स की ओर युवाओं का रूझान बढ़ेगा

देहरादून। **संवाददाता**



पुलिस लाइन में हॉट एयर बलून शॉ का शुभारम्भ करते सीएम।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को पुलिस लाइन देहरादून में सविया ऐविएशन प्राईवेट लिमिटेड एवं उत्तराखण्ड पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हॉट एयर बलून महोत्सव 2019 के अन्तर्गत हॉट एयर बलून शॉ का शुभारम्भ किया। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इस हॉट एयर बलून शॉ की शुरूआत होने से उत्तराखण्ड में एडवेंचर स्पोर्ट्स की ओर युवाओं का रूझान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में एडवेंचर टूरिज्म की बहुत सम्भावनाएं हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हॉट एयर बलून आने वाले समय में साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में एक बड़ा रूप लेगा। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में हॉट एयर बलून की सम्भावनाएं तलाशी जाएंगी। गौचर मेले में इसकी छोटी सी शुरूआत की गयी थी। राज्य सरकार प्रयास कर रही है कि इस क्षेत्र को ओर अधिक विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि जल्दी ही प्रदेश में एडवेंचर से जुड़ी एजेंसियों के साथ एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार प्रयास कर रही है कि प्रदेश की प्राकृतिक सुन्दरता और साहसिक पर्यटन के मेलजोल से उत्तराखण्ड को एक अच्छा टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाया जाए। इस अवसर पर सविया ऐविएशन से कैप्टन श्वेता एवं कैप्टन अशोक सहित पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**अज्ञात वाहन ने मारी वृद्ध को टक्कर, मौत**

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र के मसूरी डायवर्जन के पास पैदल जा रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल के आस–पास के सीसीटीवी फुटैज चौक कर पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है। मृतक एक कॉम्पलैक्स में गार्ड की नौकरी करता था। मिली जानकारी के अनुसार आज प्रातः थाना राजपुर को सूचना मिली कि मसूरी डायवर्सन के पास अज्ञात वाहन ने एक पैदल जा रहे व्यक्तिफ को टक्कर मार दी है, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है।

# राज्य सरकारों को एकल खिड़की सुविधा को ऑनलाइन किया जाना चाहिए

फिल्म उत्सव

फिल्मों की शूटिंग के लिए अपनाई जा रही एकल खिड़की व्यवस्था पर हुई व्यापक चर्चा

गोवा में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय भारत फिल्म उत्सव

**संवाददाता**



गोवा में फिल्म बाजार के विशेष सत्र में फिल्म शूटिंग के लिए अपनाई जा रही एकल खिड़की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए।

गोवा/देहरादून। गोवा में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय भारत फिल्म उत्सव में शुक्रवार को फिल्म बाजार के विशेष सत्र में विभिन्न राज्यों द्वारा फिल्मों की शूटिंग के लिए अपनाई जा रही एकल खिड़की व्यवस्था पर व्यापक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए फिल्म फैसिलेशन ऑफिस के प्रमुख विक्रमाजीत रॉय ने कहा कि राज्य सरकारों को एकल खिड़की सुविधा को ऑनलाइन किया जाना चाहिए और इसको फिल्म सुविधाकरण कार्यालय से भी लिंक किया जाना चाहिए ताकि देश–विदेश के फिल्मकारों को अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए सुविधा हो सके। उन्होंने कहा कि एकल खिड़की सुविधा के लिए आने वाले साल में इस फिल्म बाजार में विभिन्न केन्द्रीय सरकार के विभागों को भी चर्चा के लिए बुलाया जायेगा ताकि इस व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकें। उन्होंने एकल खिड़की व्यवस्था में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड द्वारा किए जा रहें कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एफ.एफ.ओ के पास विदेश से शूटिंग के मामलों में सम्बन्धित राज्य सरकारों से भी समन्वय किया जायेगा।

भारत सरकार की सूचना प्रसारण मंत्रालय की संयुक्त सचिव टी.सी. ए कल्याणी ने इस सत्र में कहा कि भारत सरकार द्वारा फिल्म सुविधाकरण कार्यालय के माध्यम से सभी राज्य सरकारों से समन्वय किया जा रहा है और शीघ्र ही क्षेत्रीय स्तर पर भी कार्यकलापों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एफ.एफ.ओ. सभी राज्यों के साथ एकल खिड़की व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही कर रहा है। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के अपर कार्यकारी अधिकारी डा. अनिल चन्दोला ने इस सत्र में बताया कि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के निर्देशानुसार फिल्मों की शूटिंग के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है और नई संशोधित फिल्म नीति में एक सप्ताह के अंतर्गत एकल खिड़की व्यवस्था के अर्न्तगत फिल्मों की शूटिंग की अनुमति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में इस व्यवस्था के कारण फिल्म उद्योग राज्य में शूटिंग के लिए आर्कर्षित हो रहे हैं।

परिषद् के नोडल अधिकारी के. एस. चौहान ने बताया कि एकल खिड़की व्यवस्था के लिए एफ. एफ.ओ से पूरा समन्वय किया जा रहा है और शीघ्र ही इस व्यवस्था को ऑनलाइन किया जा रहा है।

**पर्वतारोहण अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, निम (नेहरू इन्स्टीटयूट ऑफ माउन्टेनियरिंग) एवं एसडीआरएफ द्वारा सयुंक्त रूप से आयोजित पर्वतारोहण अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संयुक्त अभियान के तहत उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, एसडीआरएफ व निम की सयुंक्त टीमों द्वारा हर्षिल वैली में स्थित हॉर्न ऑफ हर्षिल चोटी को लगभग 5, 6 दिन के भीतर फतह किया जाएगा। उक्त अनाम चोटियों को अभी तक पर्वतारोहियों द्वारा फतह नही किया गया है। पर्वतारोही टीम को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पर्वतारोही दलों द्वारा पर्वतारोहण अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण, पॉलीथीन के प्रयोग न करने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को एडवेंचर टूरिज्म और अच्छे पर्यावरण के लिए जाना जाए, हमें इसके लिए लगातार अपने प्रयास जारी रखने होंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ आशीष चौहान एवं प्रधानाचार्य निम कर्नल अमित बिष्ट भी उपस्थित थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं0–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।